दिनांक : 03.08.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

रेल सौगात

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज भावनगर रेलवे स्टेशन से भावनगर–अयोध्या छावनी साप्ताहिक रेलगाडी को झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री वैष्णव ने रीवा से पुणे और जबलपुर से रायपुर के लिए दो अन्य रेलगाडियों को भी वर्चुअल माध्यम से झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में 34 हजार किलोमीटर नई रेल पटरियां बिछाई गईं जो कि भारतीय रेलवे में हो रहे व्यापक बदलाव का प्रमाण है। रेल मंत्री ने कहा कि देश में एक हजार तीन सौ रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास विश्व की सबसे बडी स्टेशन पुनर्विकास परियोजना है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव उज्जैन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश के लिए तीन ट्रेनों की सौगातों के लिए मध्यप्रदेश के नागरिकों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री का आभार जताया।

आकाशवाणी–उज्जैन

महाकाल की नगरी उज्जैन में एक सितंबर 2025 से आकाशवाणी स्टूडियो की शुरुआत होने जा रही है। प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने बताया कि इस केंद्र का उद्देश्य स्थानीय और प्रादेशिक कलाकारों को मंच देना तथा लोगों तक राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय समाचार और सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि स्टूडियो से ग्रामीण अंचलों तक सरकारी योजनाओं और विकास की गतिविधियों की जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। श्री द्विवेदी ने कहा कि सिंहस्थ 2028 की दृष्टि से उज्जैन स्टूडियो का महत्व और बढ़ जाता है क्योंकि उस अवसर पर देश–विदेश से करोड़ों श्रद्धालु उज्जैन आएंगे। उन्होंने बताया कि अगले तीन से चार सप्ताह में स्टूडियो प्रोग्रामिंग की सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी। आधुनिक तकनीक से लैस यह स्टूडियो मालवा अंचल की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करेगा।

एक पेड़ मां के नाम

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत देवास जिले के एक निजी स्कूल में पौध रोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान को एक साथ जोड़ते हुए लोगों से अपील की कि वे भी अपनी माँ के नाम एक पौधा जरूर लगाएँ। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, छात्र, और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। यह अभियान न केवल हरियाली बढ़ाने की दिशा में एक कदम है, बल्कि माँ के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक सुंदर माध्यम भी बनता जा रहा है।

फिल्म बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 71वें नेशनल फिल्म अवाड्र्स में 'कटहल' फिल्म को सर्वश्रेष्ठ हिन्दी फिल्म का पुरस्कार मिलने पर फिल्म की पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि सतना जिले के अशोक मिश्रा द्वारा लिखित एवं उनके पुत्र यशोवर्धन मिश्रा द्वारा निर्देशित फिल्म "कटहल" को 2023 की सर्वश्रेष्ठ हिन्दी फिल्म के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिलना सभी प्रदेशवासियों के लिए हर्ष एवं गौरव का विषय है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस उपलब्धि के लिए फिल्म कटहल की पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कामना करते हुए कहा है कि अपनी लेखनी एवं निर्देशन से आपद्वय समाज जागरण के नित–नए प्रयास करते रहें।

मौसम

प्रदेश में फिलहाल भारी बारिश राहत मिली है। बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम नहीं होने की वजह से पिछले 4 दिन से कुछ जिलों में ही हल्की बारिश का दौर है, हालांकि ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग के 9 जिलों में आज भारी बारिश हो सकती है। अगले 2 दिन तक ऐसा मौसम बना रहेगा। मौसम विभाग ने आज ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, शिवपुरी, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। यहां अगले 24 घंटे में साढ़े 4 इंच तक पानी गिर सकता है।

समाचार संक्षेप में .....

1– मेडिकल में प्रवेश के लिए आज देशभर में कई केन्द्रों पर नीट पीजी परीक्षा आयोजित की गई। लगभग ढाई लाख परीक्षार्थियों ने सवेरे 9 बजे से दोपहर साढे बारह बजे तक एक ही पाली में परीक्षा दी।

2– आगरमालवा जिले के सेमलखेड़ी में कल साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

3– खंडवा में 4 अगस्त तक खंडवा का "गौरव दिवस" मनाया जा रहा। इस 3 दिवसीय आयोजन के आज दूसरे दिन स्कूली विद्यार्थियों द्वारा नगर निगम कार्यालय के सामने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

4– जबलपुर से रानी कमलापति स्टेशन भोपाल तक चलने वाली जनशताब्दी एक्सप्रेस अब जबलपुर मुख्य रेलवे स्टेशन की जगह मदन महल स्टेशन से 12 अगस्त से निकलेगी। हालांकि ट्रेन के समय को लेकर किसी तरह का परिवर्तन नहीं किया गया है।

5– जिला प्रशासन और जिला रोजगार कार्यालय द्वारा नर्मदापुरम जिले में 20 अगस्त को युवा संगम रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है।